आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.01.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के साइकिलिस्ट रमेश एन. ने 57वीं अखिल भारतीय रेलवे ट्रैक साइकलिंग चैम्पियनशिप 2019–20 में रजत पदक जीत कर खेल– कूद के क्षेत्र में आरेडिका के नाम एक और उपलब्धि को जोड़ दिया है।

57वीं अखिल भारतीय रेलवे ट्रैक साइकलिंग चैम्पियनशिप का आयोजन दक्षिण मध्य रेलवे, खेल–कूद संघ, के द्वारा सिकन्दराबाद में दिनाँक 08.01.2020 से 10.01.2020 तक किया गया था। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे व उत्पादन ईकाई के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना की ओर से रमेश एन. ने केरिन साईकिल दौड़ स्पर्धा में भाग लिया था जिसमें उन्होंने रजत पदक प्राप्त किया। श्री रमेश एन. ने इससे पूर्व भी आरेडिका का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन बार पदक प्राप्त कर आरेडिका को गौरवान्वित किया है।

यह पदक आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के लिए खेल–कूद के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री रमेश एन साइकलिंग के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर खिलाड़ी हैं, ये तमिलनाडु के रहने वाले हैं। इनकी आरेडिका रायबरेली में वर्ष 2017 में खेल–कूद कोटे के अन्तगर्त नियुक्ति हुई थी। श्री रमेश एन. राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक प्राप्त कर चुके हैं।

Rajni 11/01/2020

(राकेश रंजन)
सहायक सचिव / गोपनीय
कृते मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी